प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

एनएसएस गृहविज्ञान इकाई द्वाराएक–दिवसीय शिविर का आयोजन

पंतनगर। 07 जून 2022। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, गृहविज्ञान इकाई के स्वयं सेवको द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस विषय पर एक–दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें यूनाईटेड नेशन द्वारा समस्त विश्व को पर्यावरण की सुरक्षा हेतु जागरूकता के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का शीर्षक ‘केवल एक पृथ्वी’ है जिसमें मुख्य फोकस पर्यावरण के अनुरूप चिरस्थापित ‘;नेजंपदंइपसपजलद्ध को दिया गया है।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम एक रैली प्रारम्भ हुई, रैली गृहविज्ञान महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर विभिन्न छात्रावासों जैसे गांधी भवन, कस्तूरबा भवन, पन्त भवन तक निकाली गयी। उक्त कार्यक्रम के तहत गुलमोहर, गुणहल, कोलियस एवं ड्यूरेन्टा गोल्ड पौधे का रोपण विभिन्न छात्रावासों में किया गया। काय्रक्रम में कुल 110 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी, गृहविज्ञान महाविद्यालय, श्रीमती सोनू रानी; वार्डन गांधी भवन, कृषि महाविद्य ालय, डा. विनीता राठौर; वार्डन कस्तूरबा भवन, कृषि महाविद्यालय, डा. श्वेता राय एवं वार्डन पन्त भवन, पशुचिकित्सा महाविद्य ालय, डा. अमन कम्बोज उपस्थित रहे।

एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण करते।